**खबर संक्षेप**

## मण्डला फोर्ट को अमृत स्टेशन में मिलेगी राशि, पीएचई मंत्री ने रेल मंत्री से किया था आग्रह



**मण्डला।** आम बजट के साथ आए रेल बजट में मंडला फोर्ट को दोबारा अमृत स्टेशन में शामिल करते हुए राशि प्राप्त होगी जिससे अमृत योजना के तहत जारी विकास कार्य तेज गति से पूर्ण होंगे और नए कार्य भी किए जाएंगे केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के 80 रेल स्टेशन को अमृत योजना में शामिल किया है मंडला समेत प्रदेश के 80 स्टेशन पर 2708 करोड़ रुपए विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे उल्लेखनीय है कि बजट के पूर्व प्रदेश सरकार की पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर मण्डला जिले में रेल विकास पर चर्चा कर मांग रखी थी।

## कलेक्टर ने किया माहिष्मती घाट का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदा तट पर माहिष्मती घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नर्मदा जयंती के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाएं। कलेक्टर ने कहा कि कल ही नर्मदा तट पर निर्झरणी महोत्सव भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचेंगे। इसलिए महाराजपुर तथा मण्डला दोनों तरह वाहनों के व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करें। घाट की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### घाट-घाट चढ़ाई गई चुनरी, गली-गली आयोजित हुये भण्डारे

# नमामि देवी नर्मदे से गुंजायमान हुई महिष्मती नगरी








*** कलेक्टर, एसपी ने चढ़ाई चुनरी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माँ नर्मदा के जन्मोत्सव पर पूरे जिले में माँ नर्मदा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुये लोगों ने हवन-पूजन के साथ जहां चुनरी चढ़ाई तो वहीं जगह-जगह भण्डारे भी आयोजित किये गये। आमजन के अलावा शासन-प्रशासन के लोगों ने भी धार्मिक आयोजनों में अपनी भूमिका निभाते हुये धर्मलाभ उठाया। नगर में व्यवस्था बनाने में भी अपना योगदान दिया। नगर की शायद ही कोई गली बची होगी जहां माँ नर्मदा के जयकारों के साथ प्रसादी का वितरण न हुआ हो, जगह-जगह भण्डारों में भांति-भांति के व्यंजन श्रद्धालुओं को दिये गये।

महाराजपुर नर्मदा संगम के संतोषी माता घाट से पूरी श्रद्धा आस्था और विश्वास के साथ माँ नर्मदा जी की भव्य चुनरी यात्रा निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए चुनरी यात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय नागरिकों नर्मदा भक्तों ने चुनरी यात्रा का स्वागत पूजन आरती कर भेंट चढ़ाई मां नर्मदा जी के जय घोष के साथ आकर्षक झांकी बैंड बाजे की धार्मिक संगीत के साथ नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए संगम तट पहुंची यहां बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं के साथ मां नर्मदा जी को चुनरी भेंट किया, नर्मदा जी के दोनों तट के बीच अर्पित चुनरी के इस श्रद्धा के पल को देख कर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

माँ नर्मदा जी के प्रगटोत्सव के अवसर पर माँ नर्मदा तीर्थ संगम के संतोषी माता घाट में पंच चौकी महा आरती का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री एवं नर्मदा भक्त शामिल हुए इस अवसर पर खीर एवं खिचड़ी भंडारे के रूप में वितरित की गई।

### कलेक्टर, एसपी और सीईओ ने माहिष्मती घाट में की पूजा

नर्मदा जयंती के अवसर पर जिले के कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एसपी रजत सकलेचा और सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने माहिष्मती घाट पहुंचकर स्नान एवं पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि माँ नर्मदा प्रकटोत्सव पर हम समस्त जिले वासियों के कल्याण की कामना करते हैं। नर्मदा जयंती पर नर्मदा जी के सभी घाटों पर श्रृद्धालुओं के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। भीड़ में सुचारू आवागमन और वाहनों की पार्किंग की भी पर्याप्त व्यवस्था रही सभी श्रृद्धालुओं से नर्मदा घाटों पर स्वच्छता बनाये रखने हेतु अपील की गई।



### प्रतिवर्ष की भांति विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

माँ खोडियार सेवा समिति के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति माँ नर्मदा जयंती के अवसर पर रपटा घाट में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत में मां नर्मदा में पूजन अर्चन किया गया, सभी परिवारों की सुख शांति के लिए कामना की गई, माता को प्रसादी का भोग लगाया गया, उसके पश्चात विशाल भंडारा शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में धर्म आस्था प्रेमियों ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाओं का सहयोग रहा।

### नारायणगंज में धूमधाम से मनाई गई जयंती

नारायणगंज जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुमा में माँ नर्मदा का पावन स्थल है जहां पर हर साल मां नर्मदा जी की मूर्तियां स्थापित कर भजन कीर्तन भंडारे का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी बस स्टैंड नारायणगंज में एवं टिकरिया थाने में और ग्राम पंचायत कुमा में माँ नर्मदा जी की प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें दो दिन तक लगातार भजन कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन निरंतर चलता रहा शिवनंदन सेवा समिति नारायणगंज एवं शिव शक्ति टिकरिया में मां नर्मदा जी की प्रतिमा स्थापित की गई हजारों की संख्या में लोग नर्मदा जयंती का जन्म उत्सव मनाने के लिए आसपास क्षेत्र से लोग कुंभेश्वर घाट कुमा में मां नर्मदा जी की जयंती मनाने के लिए आए हुए श्रद्धालुओं को ग्राम पंचायत कुमा एवं आसपास क्षेत्र की जनता ने मां नर्मदा जयंती के उपलक्ष में पूजा अर्चना भजन कीर्तन भंडारी एवं जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया टेकरिया नारायणगंज में माँ नर्मदा जयंती के उपलक्ष में चुनरी यात्रा रैली निकाली गई जो की टिकरिया से पावन स्थल कुंभेश्वर घाट की दूरी 3 किलोमीटर हजारों की संख्या में मां नर्मदा की चुनरी लोग ने जाकर दर्शन कियाबस स्टैंड नारायणगंज में भी चुनरी यात्रा विशाल भंडारे का आयोजन शिवनंदन सेवा समिति नारायणगंज के द्वारा किया गया लगातार कई वर्षों से समिति द्वारा बस स्टैंड नारायणगंज में मां नर्मदा जयंती विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें आसपास की श्रद्धालु जन भजन कीर्तन करते हुए मां नर्मदा जी की जयंती में शामिल होते हैं चुनरी यात्रा में पुलिस बाल जगह-जगह उपस्थित रहा जिसमें टी गोपाल घोष लेकर निर्देश अनुसार पूरा स्टाफ टिकरिया नारायणगंज से लेकर उमाघाट तक सुबह से शाम तक उपस्थित रहा ग्राम पंचायत कुमार के सरपंच अखिलेश मरावी उपसरपंच गंगाराम मरावी कुन्नीलाल मलगाम सचिव दीपचंद साहू द्वारा विशेष व्यवस्था घाटों में की गई।







# सेफ क्लिक के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**मण्डला।** नर्मदा जयंती महोत्सव के अवसर पर महिष्मति घाट में सायबर अवेयरनेस कैंप लगाकर, विडियों प्रदर्शन कर, क्विज का आयोजन व पंपलेट का वितरण कर जागरूक किया। प्रदेश स्तरीय अभियान सेफ क्लिक के तहत अधिक से अधिक लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किये जाने के उद्देश्य से जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमें गठित गईं है। जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज सहित अन्य सार्वजनिक व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सायबर सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा हैं। नर्मदा जयंती महोत्सव के अवसर पर महिष्मति घाट में सायबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत सायबर जागरूकता कैंप लगाया गया। जिसमें पीए सिस्टम, विडियों डिस्पले के माध्यम से एपीके फाईल डाऊनलोड न करने, डिजिटल अरेस्ट जैसे सायबर अपराधों के बारें, अनजान नंबरों से प्राप्त होने वाले विडियों काल पर जवाब न देने से संबंधित जानकारी एवं पोंजी लोन स्किम अंतर्गत होने वाले फ्रॉड से संबंधित जानकारी साझा की गयी। एसडीओपी मंडला श्री पीयूष मिश्रा, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी मंडला महिला थाना व थाना प्रभारी यातायात व सुबेदार द्वारा अपनी 70 से अधिक पुलिसकर्मियों की टीम के साथ पंपलेट व क्विज के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया।

## कटरा माँ देवी मंदिर में चल रही देवी पुराण कथा



**मण्डला।** ग्राम पंचायत कटरा अंतर्गत मां दुर्गा मंदिर परिसर में श्रीमद् देवी पुराण का आयोजन किया जा रहा है। कथा के 6 वें दिन की कथा में कथा वाचक पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने नवरात्र पर्व महिमा का बखान किया उन्होंने बताया कि वर्तमान में भी गुप्त नवरात्र चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पर्व दुनिया का महापर्व है। नवरात्रि के दौरान लगातार नौ दिनों तक आदि शक्ति दुर्गा माता की भक्ति की जाती है। नवरात्रि के प्रत्येक नौ दिन माँ दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा तथा अर्चना की जाती है। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा की भक्ति से भरा हुआ ग्रंथ दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से भक्त का महाकल्याण होता है। नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती के जाप से भक्त की हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है। सामान्य दिनों में दुर्गा सप्तशती का पाठ करने संभव नहीं हो पा रहा है तो दुर्गा माँ के भक्तों को नवरात्रि के पर्व में पूरे नौ दिन तक दुर्गा सप्तशती का पाठ करना सैकड़ों तीर्थ यात्रा करने से भी बड़ा फल प्रदान करता है। आयोजकों ने बताया कि 30 जनवरी से कटरा के मां दुर्गा मंदिर में गुप्त नवरात्र के अवसर पर श्रीमद् देवी महापुराण का आयोजन शुरू किया गया है, 7 फरवरी को पूजन, हवन भण्डारा के साथ पुराण को विराम दिया जाएगा।

**बैठक और निर्देश** | अवैध खनिज उत्खनन पर पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग मिलकर कार्यवाही करें।

# अवैध शराब बिक्री रोकने संयुक्त टीम बनाई जाये

*** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर को मुख्य सचिव के निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मुख्य सचिव श्री जैन ने सोमवार को मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कलेक्टर, कमिश्नर, पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षकों के साथ विभिन्न विषयों पर समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि अवैध शराब बिक्री पर रोक के लिए संयुक्त टीम बनाएं। मुख्य सचिव श्री जैन ने कानून व्यवस्था बनाये रखने और अपराध को रोकने के लिए, जुआं/सट्टा, अवैध शराब विक्रय, अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन, अपंजीकृत वाहनों, प्रदूषण के विरूद्ध, खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध और बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत नियम विरूद्ध लाउड स्पीकर बजने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### अवैध शराब बिक्री रोकने गंभीरता से करें कार्य

मुख्य सचिव श्री जैन ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, रिकार्ड सुधार के प्रकरणों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। राजस्व महा अभियान में सभी निरस्त होने वाले राजस्व प्रकरणों का पुनः परीक्षण किया जाने एवं त्रुटिपूर्ण नक्शा सुधार का कैम्प लगाकर निराकरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने खाद की कीमत निर्धारित मूल्य से अधिक में बेचने पर विक्रेता के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। खाद, कीटनाशक मामले में गंभीर शिकायतों/अनियमितता होने पर जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराने को कहा। मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों के बाद जिलों में भी ई-ऑफिस प्रणाली शुरू करने के निर्देश दिये गये। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि कानून व्यवस्था बनाने एवं अवैध शराब बिक्री रोकने के लिए गंभीरता से कार्य करें। अवैध खनिज उत्खनन पर पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग मिलकर कार्यवाही करें। वाहनों में लगे अवैध हूटर एवं अवैध तरीके से प्रेस, पुलिस लिखे वाहनों पर कार्यवाही की जायें। साइबर फ्रॉड एवं सिक्योरिटी पर जनमानस को जागरूक करने का कार्य करें।

## चितराही माता मंदिर में विशाल मेला का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

ग्राम पंचायत सिलगी मे 1 फरवरी से 3 फरवरी तक विशाल मेला का आयोजन चितराही माता मंदिर समिति के द्वारा प्रतिवर्ष मेला एवं धार्मिक आयोजन करवाया जाता है इस वर्ष भी 1 फरवरी से 3 फरवरी को मेला मे संगीतमय राम धुन जस गायन प्रतियोगिता एवं हवन पूजन कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा करवाया गया साथ ही समिति के द्वारा रात्रि मे भजन संध्या का कार्यक्रम भी कराया गया, भजन संध्या के आयोजन में जिले के क्षेत्रीय कलाकरों ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। समिति द्वारा कराये गए जस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्राम घटिया की जस गायन मंडल महिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और द्वितीय स्थान सर्री जस गायन मंडल एवं तृतीय स्थान जस गायन मंडल चंदना जिला बालाघाट रही। प्रथम पुरस्कार 5100 की राशि टिकरवारा ग्राम पंचायत की सरपंच श्रद्धा उइके द्वितीय पुरस्कार 3100 की राशि भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत जंघेला तृतीय पुरस्कार की राशि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर एवं शेष तीन प्रतिभागी टीम को 1100 की राशि जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम के द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### भगवान के यज्ञ में सेवा करने से बड़ा और दूसरा कोई पुण्य नहीं होता- जगतगुरू शंकराचार्य



हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा। लोक कल्याण मंडल के तत्वाधान में 44 वा श्री विष्णु महायज्ञ सम्मेलन का आयोजन समीपस्थ ग्राम पुआरिया चल रहा है। इस धर्मिक आयोजन में जहां वक्ता के रूप में जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज श्री कामद गिरि पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम सहित गौ पीठाधीश्वर संत विपिन बिहारी महाराज सागर, साध्वी सुश्री प्रभा भारती वृंदावन धाम सहित अन्य वक्ताओं के शामिल होने की संभावना है। इस तरह मानव कल्याण के लिये आयोजित होने वाले यज्ञ कार्यक्रम कि शुरूआत 3 फरवरी हो चुकी है ।यह कार्यक्रम 11 फरवरी तक चलेगा। वही कार्यक्रम की शुरुआत के पहले दिवस कामदगिरि पीठाधीश्वर जगतगुरु रामस्वरूप आचार्य महाराज एक संत की तपस्थली रानीदहार के दर्शन करते हुए, यज्ञ शाला के दर्शन किये सीधे कथा पंडाल पहुंचे।

### किसान की राहर फसल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज/चीचली। जहां एक ओर क्षेत्र का किसान अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुये किसी भी प्रकार खेती करने में जुटा हुआ है। क्योंकि महंगाई चारो ओर अपना सुरसा की तरह बदन बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ रही है। मगर अन्नदाता द्वारा जिस तरह रात दिन एक करते हुये पैदा की गई फसल का लागत के हिसाब से दाम नही मिलने के कारण हाल यह बना हुआ है कि फसल को तैयार करने में किसान द्वारा लगाई गई लागत भी खड़े होते हुये दिखाई नही पड़ रही है। मगर इसके बाद भी किसी तरह किसान खेती करते हुये अपने परिवार का पेट पालते हुये देखा जा रहा है। मगर इसी बीच कुछ इस तरह की घटनाये सामने आ जाती है जिसके चलते माटी पुत्र का कलेजा टूटते हुये उसकी आंखों में आंसू आने से नही चूकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम हीरापुर निवासी हीरालाल पटैल के साथ देखने मिली है। क्योंकि हीरालाल द्वारा अपने खेत में लगभग सात एकड़ में राहर फसल लगाई गई थी और राहर फसल को कीटों से बचाने के लिये अनेक प्रकार की दबाईयों का छिड़काव करते हुये काफी पैसा इस सोच के चलते खर्च किया गया था कि जब फसल आ जावेगी तो उसकी लगाई गई लागत की भरपाई हो जावेगी।

### शुगर मिलों मजदूरों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। एक ओर जहां केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुये स्वच्छता के नाम पर करोड़ो रूपया की राशि खर्च की जा रही है, मगर यह स्वच्छता अधिकारियों की उदासीनता के चलते जहां सिर्फ कागजों पर चलते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर खर्च की जा रही राशि सिर्फ बर्बाद होने के आलवा और कुछ साबित होते हुये दिखाई नही पड़ पा रही है? क्योंकि लगभग सात वर्ष पहले ओडीएफ घोषित हो चुके इस जिले में अधिकारियों द्वारा की जाने वाली अनदेखी का परिणाम इस प्रकार से बन चुका है कि ओडीएफ घोषित जिला पूर्ण रूप से गंदगी युक्त हो चुका है, जिसके चलते वर्तमान समय में सरकार द्वारा स्वच्छता के नाम पर चलाये जा रहे संपूर्ण कार्यक्रम मात्र एक दिखाबा साबित होने के साथ साथ शासकीय धन की बर्बादी बन चुका है? क्योंकि ओडीएफ घोषित जिले में शासन द्वारा गांव गांव हर व्यक्ति के घरों में पक्के शौचालयों का निर्माण करने के साथ साथ बाहर से आने वाले लोगों को गांवों से लेकर शहरों में शुलभ शौचालयों का निर्माण कराया गया। वही दूसरी ओर क्षेत्र में संचालित होने वाले शुगर मिलों से लेकर गुड भट्टी के संचालकों को बीते हुये वर्ष स्पष्ट रूप से आदेश जारी किया गया था कि उनकी शुगर मिलों में काम करने के लिये बाहर से आने वाले कर्मचारियों व मजदूरों के लिये शौचालय के उचित प्रबंध मिलों द्वारा ही किये जावेगे, जिसकी समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जावेगा और यदि शौचालय संबंधी उचित प्रबंध मौके पर नही पाये गये तो कार्यवाही करने की बात कही गई थी? मगर इस समय शुगर मिलों से लेकर अन्य जगहों पर गंदगी का जो आलम देखने मिल रहा है उससे यह अनुमान लग रहा है कि वर्तमान समय में जिम्मेदार अधिकारियों को स्वच्छता से कोई लेना देना नही है और उनके द्वारा सरकार के इस आदेश का पालन मात्र कागजों पर भी पूरा करना रह गया है? क्योंकि इस समय क्षेत्र में संचालित हो रही शुगर मिलों से लेकर गुड भटियों तथा कुल्होरों के काम के लिये बाहर से आये हुये हजारों की संख्या में गन्ना की कटाई करने के लिये आये हुये मजदूरों को डेरा पड़ा हुआ है।







# त्वदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे.. से गूंजा संपूर्ण क्षेत्र

## माँ नर्मदा प्रकटोत्सव के मौके पर शहर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूमधाम के साथ निकाली गई चुनरी यात्राएं, देर शाम तक चलता रहा नर्मदा जी के तटों पर दीपदान

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।





जन जन की आराध्य, बंदनीय, करूणा की साक्षात प्रति मूर्ति माँ नर्मदा जी की जयंती के पावन अवसर पर जहां संपूर्ण क्षेत्र त्वदीप पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे ...... से गूंजते हुये देखा गया। वही दूसरी ओर गाडरवारा से लेकर सालीचौका, सांईखेड़ा, कौड़िया, खुलरी, चीचली सहित गांव गांव माँ नर्मदा जी की जयंती के मौके पर चुनरी यात्राएं निकलाते हुये नर्मदा जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। काफी लम्बे अंतराल के बाद संकटों से मुक्ति दिलाने वाले व चल रहे कलयुग काल में इस पृथ्वी लोक में सक्षात रूप से मौजूद रहने वाले भगवान हनुमान जी के प्रिय दिवस मंगलवार के दिन नर्मदा जयंती पड़ने के मौके पर जहां सुबह से ही समूचे अंचल में माँ रेवा मैय्या के भक्तों ने अपने घरों में माँ नर्मदा की पूजन कर त्वदीय पाद पंकजम, नमामि देवी नर्मदे और हर हर नर्मदे के स्वरों से क्षेत्र को गुंजायमान करने की शुरूआत कर माँ नर्मदा के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा व्यक्त करने की भावना को प्रकट करना शुरू कर दिया गया था। इस तरह माँ नर्मदाजी की जयंती जिसके चलते संपूर्ण क्षेत्र पूरी तरह धर्ममय होते हुये दिखाई पड़ रहा था। वही क्षेत्र के माँ नर्मदा जी के पावन घाटो पर नर्मदा जयंती के अवसर पर रेवा मैया की जयकार करते हुए शहर व क्षेत्र के पुरूष, महिलाएं, युवा अपने वाहनों से जहां नर्मदा घाटों पर पहुंचे, वही अनेक नर्मदा के भक्त पैदल चलते हुए माँ नर्मदा की पूजन करने के लिए भी पहुंचे। जहां उन्होंने पुण्य सलिला माँ नर्मदा में स्नान करते हुए पूजन, अर्चना किया गया तथा अनेक प्रकार के दान पुण्य कर नर्मदा जी का आशीष प्राप्त किया गया। वही माँ नर्मदा जी के घाटों पर बने मंदिरों में भगवान की पूजा, आराधना की गई तथा अनेक जगहों पर विशाल भंडारों का आयोजन दिन भर चलता रहा। वही पाप नाशिनी माँ नर्मदा जी की जयंती को लेकर नगर के नर्मदा भक्तों द्वारा जगह जगह चुनरी यात्रा निकाली गई थी जो नर्मदा जयंती के मौके पर माँ नर्मदा के ककराघाट, झिकोली घाट, बिल्थारी घाट सहित लगभग क्षेत्र के सभी नर्मदा घाटों पर पहुंचकर चुनरी को माँ नर्मदा के लिये समर्पित किया गया। वही दूसरी ओर यहां पर दिन भर विशाल भंडारे का आयोजन भी चलता रहा जिसके हजारों की संख्या में माँ नर्मदा जी के भक्तों द्वारा प्रसादी ग्रहण करते हुये पुण्य लाभ लिया गया। इसी प्रकार से समीपस्थ सालीचौका, चीचली, कौड़िया, खुलरी, बारहाबडा, सीरेगांव, कामती सहित अनेक गांवों में भी चुनरी शोभा यात्रा बडे ही धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें महिलाएं भजन गाते हुए चल रही थी वही पुरूष युवा भी माँ नर्मदा मैय्या की भक्ति में लीन होकर जयघोष लगाते हुए चल रहे थें। इस तरह जहां तहां निकाली गई चुनरी शोभायात्राओं में माँ नर्मदा जी की मनोरम झांकी सजी हुई थी जिसे देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि शायद साक्षत में माँ नर्मदा का यहां पर अपने भक्तों को आर्शीवाद देने के लिये आगमन हुआ है। वही बताया जाता है कि नगर में सुबह 7 बजे पलोटन गंज से नर्मदा भक्तों द्वारा माँ नर्मदा जी का पूजन करते हुये निकाली गई चुनरी पैदल शोभा यात्रा में सैकडो की संख्या में लोग शामिल हुये। वही दूसरी ओर नर्मदा जयंती के पावन अवसर पर देखा गया कि क्षेत्र के नर्मदा तटों पर पर अनेक प्रकार के धार्मिक आयोजन संपन्न हुये। वही समीपस्थ सांईखेडा तथा ग्राम खुलरी में भी माँ नर्मदा के भक्तों द्वारा चुनरी यात्राएं निकालते हुये नर्मदाजी के घघरौला खुर्द घाट के तट पहुंची। इसी प्रकार से नगर सहित अन्य जगहों से निकाली गई चुनरी यात्राएं भी माँ नर्मदाजी के अलग अलनग घाटों पर पहुंचने पर चुनरी माँ नर्मदा जी को अर्पित की गई। इसी प्रकार से क्षेत्र के अनेक गांवों से भी जगह जगह चुनरी यात्राएं निकाली गई यह सभी चुनरी शोभायात्रा शाम के समय समीपस्थ नर्मदा जी के ककराघाट पहुंची जहां पर माँ के भक्तों की ओर से माँ नर्मदा जी को चुनरी अर्पित की गई और पूजन अर्चन सहित शाम के वक्त दीपदान के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। वही बताया जाता है कि रात्रि के समय पर देवी गीत गायन सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस तरह माँ नर्मदाजी के सभी तटों पर दिन भर जहां मेले जैसा दृश्य देखने मिला। वही आयोजित किये गये भंडारे के आयोजनों में हजारों की संख्या में पहुंचर लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस प्रकार नर्मदाजी के तटों पर उमडी भीड को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा संपूर्ण नर्मदा तटो पर विशेष व्यवस्थाएं बनाने के आदेश जारी किये गये थें और अलग अलग जिम्मेदार अधिकारियों की डियूटी भी लगाई थी। मगर वही दूसरी ओर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर देखा गया कि ढलती शाम संध्या के बाद क्षेत्र के श्रद्वालुओं ने माँ नर्मदा जी के घाटो पर रेवा मैया की महा आरती करते हुये जब दीपदान करना शुरू किया गया तो माँ नर्मदा की शोभा निराली ही दिखाई पड़ रही थी। इस तरह जगमग होते हुये दीप माँ रेवा मैय्या अनोखी छटा बिखरते हुये दिखाई पड़ रहे थें। इस प्रकार से माँ नर्मदा जयंती को लेकर प्रतिवर्ष लोगों में माँ नर्मदा जी के प्रति जिस प्रकार से श्रद्वा में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है उसका परिणाम है कि नर्मदा जयंती के मौके पर नर्मदा तटों पर दिन भर मेला लगा रहता है और हजारों की संख्या में श्रद्वालु पहुंचकर जहां माँ नर्मदा जी की पूजन अर्चन करते है तथा देर शाम तक जिस प्रकार से दीपदान का सिलसिला शुरू होता है उसके चलते माँ नर्मदा जी की लहरे जगमग जगमग होने से नही चूकती है, वही अनेक नर्मदा तटों पर यह भी देखा गया कि अनेक गांवों से लोग माँ नर्मदा जी तक सरे भरते हुये भी पहुंचे।

## एक सप्ताह पहले कुआं में पाई गई लाश की गुत्थी सुलझाने में सफल हुई पुलिस, रूपयों के लेनदेन पर वारदात

### की गई थी हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। लगभग एक सप्ताह पहले यानि की 28 जनवरी को जब गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले चिरह रोड पर स्थित आचार्य भवन के समीप पुलिस को एक कुंआ में खेत मालिक हरिओम राजपूत निवासी जगदीश वार्ड की लाश पाई गई थी तो शुरूआत ही तौर से यह प्रतीत होने से नही चूक रहा था कि निश्चित तौर से किसी के द्वारा युवक की हत्या करते हुये उसे कुंआ में फेका गया है। क्योंकि मौके पर घसीटे जाने के पाये गये निशानों से हत्या का मामला प्रतीत होने से नही चूक रहा था। वही घटना को लेकर नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद शव का पंचनामा उपरांत मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया था। वही दूसरी ओर जब पोस्ट मार्टम रिर्पोट आई तो हत्या की बात स्पष्ट होने के चलते पुलिस द्वारा अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। मगर इस तरह यह अंधा हत्या कांड पुलिस के लिये एक गुत्थी साबित होने से नही चूक रहा था। मगर कहा जाता है कि जब पुलिस अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करती है तो अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर नही भाग पाते है और कानून के हाथ उन तक पहुंच ही जाती है। कुछ इसी प्रकार से विक्रम रजक की टीम द्वारा इस अंधे हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल करते हुये दो आरोपियों को गिरप्तार किया गया है। इस तरह घटना का खुलासा करते हुये नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपनी जानकारी में बताया गया है कि बीते हुये 28 जनवरी की देर रात हरिओम राजपूत के खेत आचार्य महल चिरहकला रोड पर बने कुएँ में खेत मालिक यानि की हरिओम राजपूत का शव संदिग्ध अवस्था में पानी में तैरते मिला था। जिसके चलते पुलिस द्वारा जाँच के दौरान मृतक हरिओम सिंह राजपूत पिता स्व. हल्के सिंह राजपूत उम्र 58 वर्ष निवासी जगदीश वार्ड गाडरवारा की पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त की थी जिसमें हरिओम राजपूत की गला घोंटकर हत्या किया जाना बताया गया था। इस तरह पीएम रिपोर्ट में स्पष्ट होने के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया था। वही घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया ने अंधे हत्या कांड की गुत्थी शीघ्र ही



सुलझाते हुये आरोपियों को गिरप्तार करने के निर्देश दिये जाने के साथ ही आरोपीगण को गिरफ्तार कर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये थे एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपीगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10,000 रू. के ईनाम की उद्घोषणा की गई। वही उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम में मुख्य रूप से उप निरीक्षक श्रीराम रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा, पुनीत कटारे, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, सुरेन्द्र पटैल. आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, राकेश झा, कमलेश, बाल किशन रघुवंशी, दिनेश पटैल, प्रदीप गुप्ता, नसीम अख्तर, सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट, देवेन्द्र सोनवंशी, शिवम पटैल, हरिशंकर, शिशुपाल सिंह तोमर, कुलदीप सिकरवार, राकेश चौधरी, रामसिंह, गीता अग्रवाल, नेहा पटैल, कुमुद पाठक को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ साथ इस तरह नगर निरीक्षक विक्रम रजक ने आरोपीगण की तलाश पतासाजी हेतु पुलिस टीम के साथ भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन कर घटना एवं अज्ञात आरोपीगण के संबंध में जानकारी एकत्र की गई। जिसमें पाया गया कि संजीव उर्फ संजू कौरव पिता कालूराम कौरव निवासी ग्राम गुनवे एवं हरिओम सिंह राजपूत के मध्य जमीन के क्रय-विक्रय तथा रूपयों के लेन-देन को लेकर दिनांक घटना समय को घटनास्थल पर विवाद हुआ था । जिसके चलते संजीव उर्फ संजू कौरव ने अपने साथी दशरथ जाटव के साथ मिलकर हरिओम राजपूत की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और दोनों ने हरिओम के शव को उसी के खेत में बने कुएँ में फेंक दिया था । घटना के बाद से ही अंधे हत्या का मुख्य संदेही संजीव कौरव मौके साथ साथ अपने गांव से भी फरार हो गया था।

## पांच सौ फीट चुनरी यात्रा में शामिल सैकड़ों भक्त सहावन से पहुंची खिरैटी घाट, माँ नर्मदा को चुनरी अर्पित करते हुये लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। इस कलयुग काल में मात्र अपने दर्शन से ही भक्तों के पापों का हरण करने वाली माँ नर्मदा जी के प्रकटोत्सव के मौके पर मंगलवार को जहां चारों ओर धूम मची हुई देखने मिली तो भक्तों द्वारा जहां तहां चुनरी यात्राओं का आयोजन भी किया गया है। इसी प्रकार से ग्राम सहावन के नर्मदा भक्तों द्वारा माँ नर्मदाजी को अर्पित करने के लिये पांच सौ फीट चुनरी यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में शामिल नर्मदा भक्त जिसमें शामिल महिला पुरूष, युवा सहित बच्चें नंगे पैर माँ नर्मदाजी के जयकारे लगाते हुये पैदल माँ नर्मदाजी के पावन तट खिरैटी घाट पहुंचे जहां पर शाम होने पर माँ की आरती करते हुये जहां मातारानी की चुनरी अर्पित करते हुये दीप दान किया गया है। इस तरह से निकाली गई चुनरी यात्राओं का स्वागत करने के लिये लोगों द्वारा जहां तहां स्वागत कैम्प लगाये गये थें और पैदल जा रहे यात्रियों के लिये चाय नास्ता, साबूदाने की खिचडी के आलवा फल सहित अन्य प्रकार की पेय सामग्री वितरित करते हुये देखे जा रहे थें। इस तरह से मंगलवार का दिन संपूर्ण क्षेत्रवासियों के लिये धर्म की गंगा बहते हुये देखने मिला और गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले माँ नर्मदाजी के सभी तटों पर देर रात तक भक्तों की भीड़ का आलम देखने मिला।

**न्यायालय श्रीमान तृतीय जिला न्यायाधीश महोदय गाडरवारा**
**(श्रीमती आरती ढींगरा)**
श्रीमति प्रभा राजपूत .............. आवेदिका
बनाम
सर्वसाधारण

MJC GW - 19/2024 पेशी दिनांक- 06/03/2025
P.N.20/25 आदेश दिनांक - 24/01/2025

**इश्तहार आम जनता को सूचना बावत्**

इस न्यायालय में आवेदिका ने एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते ना. वा. सत्यम राजपूत का संरक्षक नियुक्ति किये जाने वावत् प्रस्तुत किया है जिसका प्र. क्र. MJC GW -19/2024 है जिसमें सर्वसाधारण को इस इश्तहार प्रकाशन के माध्यम सूचित किया जाता है कि आप पेशी दिनांक 06/03/2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिसको समस्त तथ्यों की जानकारी हो उपस्थित रहे। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा। यदि पेशी दिनांक 06/03/2025 को पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहते है या शासकीय अवकाश घोषित होता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस पर होगी।

आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया ।

गाडरवारा
दिनांक- 27/01/2025
शील
( श्रीमति आरती ढींगरा)
तृतीय जिला न्यायाधीश गाडरवारा,
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

## बाजार में छले जा रहे उपभोक्ताओं का भगवान ही मालिक, पक्के बिल देने से कतरा रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर सहित क्षेत्र के बाजारों में बढ़ रही बाजारो की चकाचौंध बढ़ने के साथ ही आस पास के गॉवो में स्थित दुकाने भी आधुनिक दौर की मनचाही चीजो से सजने लगी है। जीवन शैली बदलने, उपभोक्ता वादी संस्कृति की वजह से बाजार का विस्तार हो रहा है। यह बात अपनी जगह सही है, किन्तु हकीकत यह है कि चमकते, दमकते बाजार में वर्तमान में उपभोक्ता की हैसियत ऐसी आदमी की रह गयी है, जो चुप चाप बिना मोल तोल किए अपनी जरूरी की चीजें खरीदकर घर वापिस हो जाते है। जाहिर है व्यापारी मुनाफा कमाने के चक्कर में इतनें संबेदन हीन हो गए है कि उन्हे उपभोक्ताओं को हितों को नजर अंदाज करने में मजा आ रहा है, जिसका नतीजा है कि उपभोक्ता ठगे जा रहे है और कई तरीकों से उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है? बाजार में पत्थरो के बॉटो का चलन बरकार है, डिब्बे सहित मिठाईयॉ तौली जा रही है, एक ही चीज पर विभिन्न तरह के लेबिल लगाकर उन्हे बेरोक टोक बेचा जा रहा है? लुभावने विज्ञापनो के जरिए बिना गारंटी की वस्तुऍ थमायी जा रही है, यही नहीं कोई भी सामान खरीदने पर आमतौर पर व्यापारी पक्का बिल देने से कतरा रहे है, जिससे शासन को प्रतिदिन लाखों का चूना लग रहा है। वही दूसरी ओर इन बातों से अंजान बना प्रशासन मूक दर्शक बनकर उपभोक्ताओं के हितों पर लगातार प्रहार होने का तमाशा देख रहा है, जिसके चलते आये दिन आम उपभोक्ता लुटने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है?



नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने निज निवास में सुनी आवेदकों की समस्यायें



**मानपुर।** विधायक सुश्री मीना सिंह ने निज निवास उमरिया में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याओं को एक-एक करके सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा की।

### कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्यायें



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा उसका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में दीनदयाल केवट ग्राम कटहार ने पडोसी व्दारा मारपीट व गाली गालौज करने, गुलाब बाई कोल ने उमरिया ने आवास प्लस का लाभ दिलाने, उमेश तिवारी फार्मासिस्ट चंदिया ने एरियर्स का भुगतान कराने, राज कुमारी सिंह ग्राम माली ने पीएम आवास बनाने हेतु हिस्सेदारों से जमीन दिलाने, सुनीता गुप्ता खलेसर ने लडका बहू व्दारा मारपीट किए जाने, दिलीप कोल छांदाकला ने मंगठार ताप विद्युत केंद्र में नौकरी दिलाने, अजय साहू कौडिया ने किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन दिया।

### जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्परता से निराकरण करें: कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर आम जनता की शिकायतों को सुनने तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारी तत्परता से करते हुए जिला स्तर से बनाएं गए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराएं।

### नर्मदा महोत्सव में स्व सहायता समूहों की दीदियों ने लगाया स्टॉल



**उमरिया।** मां नर्मदा जी के उद्गम स्थल अमरकंटक जिला अनूपपुर में 3 फरवरी से 5 फरवरी तक अमरकंटक नर्मदा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला परियोजना प्रबंधक मप्र ग्रामीण आजीविका मिषन चंद्रभान सिंह ने बताया कि नर्मदा महोत्सव अमरकंटक जिला अनूपपुर में उमरिया जिले की स्व सहायता समूहों की दीदियों ने अपना स्टॉल लगाया है। उन्होने बताया कि महुआ एवं कोदो कुटकी का स्टॉल प्रगति समूह की निषा सिंह व्दारा , बैगा पेटिंग्स से संबंधित स्टॉल साक्षी समूह की शंखी काछी व्दारा तथा महुआ बिस्किट लडडू के स्टॉल बांधवगढ प्रोड्यूसर कंपनी चंदवार की पूनम तिवारी द्वारा लगाए गए है। स्टॉलों का आम नागरिकों द्वारा अवलोकन कर उत्पादों की खरीददारी भी की जा रही है।

### कर्मचारी सरकार की रीढ़, उसे किया जा रहा कमजोर

**शहडोल।** सरकार की अनदेखी के चलते कर्मचारी हितों को नुकसान हो रहा है। कर्मचारी संगठन पिछले कई वर्षो से सरकार के समक्ष अपनी जायज मांग रखते चले आ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी सुन नहीं रही है। प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपने के बाद अब संयुक्त मोर्चा जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर 51 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे।

## जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए गए विविध कार्यक्रम

# हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाई गई नर्मदा जयंती



### नर्मदा जयंती पर डिंडोरी नगर में जगह जगह वितरित किया गया भंडारा प्रसाद

### सुबह से नर्मदा घाटों सहित शिवालयों में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

डिंडौरी न्यूज।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आस्था और श्रद्धा की केंद्र पुण्य सलिला मां नर्मदा जन्मोत्सव पर्व जिले भर में उत्साह और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नर्मदा मैया के मंदिर और घाटों को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही नर्मदा नदी के तट पर पूजा-अर्चना की। मुख्य नर्मदा मंदिर में विशेष पूजा और आरती के बाद भंडारा वितरित किया गया। इस अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान माँ नर्मदा की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।

नर्मदा जयंती पर्व की आयोजन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी, और पूरा शहर इस त्योहार के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा प्रस्तुत करता है। सप्ताह भर पहले से ही धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें नगरवासी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।




#### महा आरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नर्मदा जयंती के अवसर पर स्वर्ण मंदिर घाट में महा आरती का भव्य आयोजन किया गया, इस दौरान मां को चुनरी अर्पित की गई, इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण मौजूद रहे थे

#### जगह- जगह हुआ भंडारा वितरण

नर्मदा जयंती के अवसर पर पूरा नगर का भक्तिमय नजारा भक्तिमय रहा, सुबह से ही जगह जगह पंडाल लगाकर भक्तों ने श्रद्धालुओं को भंडारा वितरण किया।

#### तुलसीघाट में धूमधाम से मनाई मां नर्मदा की जयंती

डिंडौरी जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मुसामुंडी के नर्मदा तट पर तुलसीघाट में मंगलवार को मां नर्मदा की जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर भक्तों ने सुबह से आस्था की डुबकी लगाई तत्पश्चात मां नर्मदा की विधिवत आरती पूजन कर चुनरी भेंट किए ,कन्या भोजन के साथ साथ विशाल भंडारे प्रसाद वितरण किया जबकि संध्याकाल में दीपदान और महाआरती का आयोजन किया जिसमें स्थानीय सहित आसपास गांवों से दर्जनों ग्रामीण शामिल होकर पुण्यलाभ कमाया

#### चाक चौबंद रहा सुरक्षा व्यवस्था

नर्मदा जयंती पर्व के मद्देनजर प्रशासन द्वारा कार्यक्रम को सुगमता से सफल बनाने के लिए खाका तैयार किया गया था, नगर के भीतर और नर्मदा घाटों तक वाहनों की आवाजाही को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया था, जिससे शहर में जाम की स्थिति नहीं बनी जिससे श्रद्धालुओ ने आसानी से नर्मदा जयंती पर्व पर्व पर पैदल चल कर नर्मदा घाटों तक पहुंच कर श्रद्धापूर्वक भक्ति और उपासना किया। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से नर्मदा जयंती पर्व सफलता पूर्वल संपन्न हुआ। यहां उमड़ी भीड़ -मां नर्मदा के प्रकोटत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में दिनभर उत्साह का माहौल रहा जबकि पड़ाव घाट,शंकरघाट, शिवालय घाट राधिका घाट, तुलसीघाट, रहंगी तेलीटोला, बंजरटोला,बेलघाट, तथा भीमकुंडी में दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन सतत चलते रहें वहीं उपरोक्त मान्यता वाले स्थान पर सुबह से मां नर्मदा के पूजन, स्नान, एवं दर्शन हेतु श्रध्दालुओं की भीड़ उमड़ी । प्रशासनिक अमला रहा मौजूद -मंगलवार को नर्मदा जयंती के अवसर पर व्यवस्था और शांति सुरक्षा के मद्देनजर डिप्टी कलेक्टर वैघनाथ वासनिक,नायब तहसीलदार करंजिया भीमसेन पटेल ,ने विभिन्न घाटों के निरीक्षण पर रहें। जबकि गाड़ासरई थाना की पुलिस बल मौके पर मौजूद रहीं।

## श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा मां नर्मदा को विशाल चुनरी की अर्पण

जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर के नर्मदा भक्तों द्वारा एक समिति गठित कर मुख्यालय से स्थित मां नर्मदा मंदिर से रमपुरी घाट तक मां नर्मदा जी की प्रतिमा एवं विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक भक्त जुड़ते चले गए और चुनरी की लंबाई बढ़ती चली गई। नर्मदा जयंती के सुअवसर पर स्थानीय नर्मदा मंदिर में विशेष पूजन अर्चन उपरांत विशाल चुनरी यात्रा प्रारंभ की गई। यात्रा में हजारों भक्त सम्मिलित हुए और यात्रा प्रारंभ हुई। विशाल चुनरी यात्रा रामगढ़, बाकांटोला, नेवसा, भपसा, धनवासी, बहेरा, सलैया, रमपुरी होते हुए मां नर्मदा घाट तक पहुंची। इन सभी गांवों में यात्रा का भक्त स्वागत कर भक्तगण यात्रा में सम्मिलित होते चले गए और यात्रा करवां में तब्दील हो गई। मां नर्मदा के जयकारे एवं भक्ति गीतों से पूरा वातावरण में हर-हर नर्मदे के जयकारों के साथ भक्तगण उत्साह पूर्वक आगे बढ़ते जा रहे थे। रमपुरी घाट मां नर्मदा तट पर हजार मीटर का विशाल चुनरियां अर्पण व मां नर्मदा की महाआरती के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें अनेक गांवों के महिलाएं, पुरुष, बच्चे एवं बुजुर्ग उत्साह पूर्वक सहयोग करते हुए खुशी जाहिर की और नर्मदा जयंती को यादगार बनाने नर्मदा तक पैदल यात्रा कर पहुंचे।



# सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का एक सप्ताह में करें निराकरण: कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक लिया जाए । बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम पाली टी.आर.नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले हरनीत कौर, अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न**

मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों की हुई समीक्षा

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। उन्होने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतें अन अटेण्डेंट नही रहे ।

कलेक्टर ने कहा कि प्रभारी मंत्री के भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित जिला प्रमुख अधिकारी आगामी समय सीमा की बैठक के पूर्व अनिवार्य रूप से करें। न्यायलयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा में न्यायालय में जवाब प्रस्तुत करनें तथा आयुक्त शहडोल संभाग एवं सीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों का सकारात्मक निराकरण दर्ज करनें के निर्देश दिए।

### जागरूकता के चलते ठगी का शिकार होने से बचा युवक

**शहडोल।** जिले के बुढार थाना क्षेत्र के लखेरन टोला निवासी कृष्ण कुमार चतुर्वेदी के मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया और फोन करने वाला शख्स खुद को शहडोल पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ अधिकारी बताते हुए पहले तो कृष्ण कुमार के अपराधों का चि_ा खोल दिया, फिर उसे हाल ही में एक मारपीट के मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए इस मामले में जेल जाने से बचने के लिए उपाय बताते हुए पैसो की मांग किया, जिससे शख्स के अपराध का इतिहास सुनकर उस पर विश्वास हो गया और वह पैसा देने ही वाला था, लेकिन उसके पहले उसने बुढार पुलिस से संपर्क किया, तो उन्होंने उसे समझाई देकर ठगी का शिकार होने से बचा लिया।दरअसल ठग इन दिनों पुलिस की आनलाइन एफआईआर निकाल कर पहले जानकारी जुटा लेते है, फिर अपराधों की जानकारी देकर उससे बचने का उपाय बता उनसे पैसों की मांग करते है ,जिससे कई लोग उनके झांसे में आकर ऑन लाईन ठगी का शिकार हो जाते है तो, कुछ इस साइबर ठगी के प्रति जागरूक होने के कारण उनके झांसे में नहीं आते और ठगी का शिकार होने से बच जाते है।

#### इनका कहना है...

बिहार के एक युवक के पास उसके अपराध की जानकारी देकर उससे निपटने के लिए ठग द्वारा पैसों की मांग की जा रही थी, लेकिन युवक ने ठगी का शिकार होने से पूर्व पुलिस से संपर्क कर लिया।

**संजय जायसवाल थाना प्रभारी, बुढार**

# फाईलेरिया से बचाव के लिए दवा का सेवन अवश्य करें: कलेक्टर

### राष्ट्रीय फायलेरिया दिवस 25 फरवरी तक किया जाएगा आयोजित

**उमरिया।** राष्ट्रीय फायलेरिया दिवस 10 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा । इस दौरान 10 से 14 फरवरी तक स्कूल, महाविद्यालय, छात्रावास, कार्यालयों में दवा का सेवन , 15 फरवरी से 21 फरवरी तक घर घर दवा का सेवन तथा 22 से 25 फरवरी तक कालोनी, वार्डो में छूटे हुए व्यक्तियो को दवा का सेवन कराया जाएगा । यह जानकारी ने कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस की बैठक में दी। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति फाइलेरिया की दवा खानें से वंचित नही रहें इसका ध्यान रखा जाए । आपने जिलेवासियों से अपील की है कि फाइलेरिया हाथी पांव से बचने के लिए गोली का सेवन अवश्य करें इसके साथ ही फाइलेरिया से बचने के लिए गोली खिलाने वाली टीम का आवश्यक सहयोग प्रदान करें । दवा का सेवन ही फाइलेरिया से बचाव है । जिला मलेरिया सलाहकार रवि साहू ने बताया कि 2 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को 100 मिली ग्राम डीईसी गोली , 400 मिलीग्राम की एलवेंडाजोल की गोली, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को 200 मिली ग्राम डीईसी की 2 गोली, एलवेंडाजोल की 1 गोली तथा 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग को 300 मि.ग्रा. की 3 गोली तथा एक गोली एलवेंडाजोल की खिलाई जाएगी । इसी तरह आइवरमेक्टिन गोली उंचाई के अनुसार खिलाई जाएगी । गर्भवती , माताओ, अत्यधिक वृध्द, गंभीर रोगों से पीडित व्यक्तियों को गोली नही खिलाई जाएगी । गोली का सेवन खाली पेट नही करना है। दवा का सेवन समक्ष में कराया जाएगा तथा दवा सेवन के पश्चात व्यक्ति के बायें हाथ की छोटी उंगली पर मार्किग की जाएगी । उन्होने बताया कि गोली के प्रतिकूल प्रभाव नही है, फिर भी अगर किसी के शरीर मे माइक्रो फाइलेरिया के कीटाणु होते है तो दवा के सेवन से नष्ट होने पर अनुशंगी प्रभाव होते है जैसे सिरदर्द, बदनदर्द, पेटदर्द, उल्टी दस्त इत्यादि होती है तो नजदीक के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, चिकित्सा, प्राथमिक स्वा0 केंद्र से संपर्क कर आवश्यक दवा प्राप्त करे इससे घबराये नही, यह क्षणिक होता है व मरीज स्वतः ठीक हो जाता है ।



### इंदौर में पढ़ाई कर रही नगर की छात्रा का ह्दय विदारक घटना में निधन



**बिजुरी कॉलरी।** बिजुरी नगर की एमबीए पढ़ाई कर रही छात्रा की ह्दय विदारक घटना सामने आई है। छात्रा इंदौर के देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय में एमबीए की अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। घटना के बारे में मिली जानकारी अनुसार बिजुरी नगर पालिका की पार्षद लक्ष्मी मुकेश शुक्ला की भतीजी एवं शिक्षक राजेश शुक्ला की पुत्री अंशिका शुक्ला एमबीए की पढ़ाई करने के लिए इंदौर में देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रही थी। 2 दिन पूर्व विश्वविद्यालय के लगभग 45 बच्चे बस से पिकनिक मनाने के लिए महू के पास पिकनिक स्थल पर गए हुए थे जहां अचानक पत्थर नुमा सीढ़ी से छात्रा का पैर फिसल गया और वह 500 से 600 फीट गहरी खाई में गिर गई। घटना की जानकारी साथी छात्रों ने तत्काल डायल हंड्रेड को दी मौके पर डायल हंड्रेड एवं स्थानीय पुलिस की टीम पहुंच कर घटना की जानकारी ली और ग्रामीणों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद छात्रा का शव बाहर निकल गया। पीएम उपरांत मंगलवार को मृतिका छात्रा अंशिका शुक्ला 22 साल का शव एम्बुलेंस से गृह ग्राम बिजुरी लाया गया। इस ह्दय विदारक घटना की खबर सुनते ही बिजुरी नगर में शोक की लहर दौड़ गई। हर व्यक्ति के आंखों में आंसू नजर आ रहे थे भारी संख्या में लोगों ने अंतिम संस्कार में शामिल होकर नाम आंखों से छात्र को अंतिम विदाई दी।

# 101 परिवारों ने एक साथ किया सामूहिक महारुद्राभिषेक

### कोयलांचल क्षेत्र राजनगर में हुआ भव्य आयोजन



**राजनगर।** हसदेव कोयलांचल सहित शहडोल संभाग में अलग प्रकार का अद्भुत और अनूठा भव्य धार्मिक आयोजन 2 फरवरी को सम्पन्न हुआ, जहां 101 परिवा एक साथ बैठकर अलग-अलग वेदियों और आसन के माध्यम से महा रुद्राभिषेक किये, साथ ही हजारों श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। बसंत पंचमी के अवसर पर करौली शंकर महादेवधाम के स्थानीय भक्तों के द्वारा सामूहिक महा रुद्राभिषेक राजनगर कॉलरी के राजनगर स्टेडियम में 2 फरवरी को आयोजित किया गया। महा रुद्राभिषेक में 101 परिवार/भक्तगण एक साथ बैठकर अलग- अलग वेदियों और आसनों के माध्यम से सामूहिक रुद्राभिषेक में शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। यह कार्यक्रम श्री करौली शंकर महादेवधाम कानपुर के स्थानीय भक्तगण शंकर सेना जिला- अनूपपुर, संभाग शहडोल के भक्तों के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम कई चरणों में एक दिवसीय किया गया। सनातन रैली से हुई कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम की शुरूआत पौराधार शिव मंदिर प्रांगण से शिवलिंग में जल अर्पित कर आम नागरिकों,सनातन प्रहरियों,एवं भक्तों के द्वारा सैकड़ो बाइक एवं 40 चार पहिया वाहनों के माध्यम से सनातन जागरण रैली जो कोयलांचल क्षेत्र के पौराधार, न्यू राजनगगर, राजनगर मेन मार्केट, सी सेक्टर होते हुए राजनगर स्टेडियम कार्यक्रम स्थल पहुंची। राजनगर स्टेडियम में एक साथ 101 परिवार/भक्तगण अलग-अलग वेदियों और आसनों के माध्यम से सामूहिक महा रुद्राभिषेक किये, महारुद्राभिषेक विधि विधान के साथ पूर्ण किया गया,पंडित शिवकुमार तिवारी ने संपूर्ण पूजा को विधिवत रूप से संपन्न कराया,ज्ञात हो कि इस रुद्राभिषेक में हर वर्ग के भक्तगणों का ख्याल रखकर,कुछ भक्त शुल्क देकर तो कुछ जरूरतमंद परिवार निःशुल्क भी जात पात के बंधनों से ऊपर उठकर एक साथ एक ही प्रांगण में रुद्राभिषेक किये,राजा और रंक सभी एक ही प्रांगण में उपस्थित होकर रुद्राभिषेक किये।

खबर संक्षेप

## वार्षिक खेल उत्सव में छात्रों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस रोशन धोरेलिया इंटरनेशनल स्कूल का भव्य खेल उत्सव रोशन धोरेलिया वर्ल्ड स्कूल द्वारा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। खेल उत्सव का शुभारंभ बैंड प्रस्तुति के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्या की देवी सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती कृष्णा शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल से श्रीमती गायत्री सोनी एवं समाजसेविका साधना जयसवाल उपस्थित रही। अतिथियों को स्कूल संचालिका इंजी.सोनाली धोरेलिया द्वारा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट, पी.टी. ,हनुमान चालीसा, गायन एवं मनोरंजक नृत्य प्रस्तुति दी गई। छात्रों ने अनेक प्रकार की प्रतियोगिता जैसी लंबी दौड़,मेंढक दौड़ ,चॉकलेट दौड़ , एवं संतुलन दौड़ आदि में बढ़ चढ़कर भाग लिया और शानदार प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार दिया गया।

## श्रेष्ठ भाग्य का आधार श्रेष्ठ कर्मः ब्र कु शिवानी

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वाधान में इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी जी के पावन सानिध्य में भाग्य की कलम आपके हाथ विषय पर विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कला एवं संस्कृति प्रभाग के द्वारा शानदार स्वागत नृत्य एवं प्रेरणादाई लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। इसके बाद अतिथि इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर ब्रकु शिवानी दीदी, क्षेत्रीय इंदौर जोनल प्रभारी ब्रह्माकुमारी हेमा दीदी, उज्जैन से ब्रकु उषा दीदी, दिल्ली गुड़गांव से ब्रकु विधात्रि दीदी, अहमदाबाद गुजरात से सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक गायिका डॉ. दामिनी दीदी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ब्रकु शिवानी दीदी ने कहा कि हम अपने भाग्य के निर्माता स्वयं है। मेरे साथ जो भी हो रहा है उसका जिम्मेदार मैं स्वयं हूं। जैसा मेरा कर्म वैसा मेरा भाग्य होगा। मेरे कर्म मेरे हाथ में है। ज्योतिषी हमें यह तो बता सकते हैं कि मेरी जन्म कुंडली में क्या लिखा है पर क्या लिखना है यह मेरा कर्म तय करता है। राजयोग हमें सिखाता है कि आने वाली परिस्थिति का सामना कैसे करना है। मेरी सोच, मेरी भावनाओं के अनुसार मेरे कर्म होते हैं। जिससे जो बोलो वही भावनाओं में होना चाहिए। कर्म अर्थात मेरा भाव। अपने भाव की गहरी चेकिंग करनी है। कर्म अर्थात भाव, भावना, सोच ,बोल और व्यवहार इन चार बातों के आधार पर भाग्य बनता है। सोच का परिणाम व्यवहार में आता है ।जो मेरे साथ हो रहा है वह मेरा भाग्य है। दूसरे क्या कर रहे हैं हम वह देखकर करते हैं। सदा याद रखो मेरा कर्म, मेरा भाग्य मुझे सिर्फ और सिर्फ सही कर्म ही करना है चाहे सारे शहर में से मैं अकेला हूं। मेरे साथ ऐसा क्यों हो रहा है इसका जवाब मेरे द्वारा किए गए कर्म का ही फल है।

### लाखों भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

# दीपों से जगमग हुआ मां नर्मदा का आंचल

भक्तो का उमड़ा जनसैलाब, जगह - जगह हुये भंडारे





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंगलवार को नर्मदा जयंती के पर्व पर लाखों की संख्या में भक्तो ने माँ नर्मदा के दर्शन पूजन अर्चन इत्यादि किये गये। वहीं प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किये गये। कल से ही भक्तों की टोलियां चुनरी यात्रा प्रारंभ हो चुकी थी भक्त अपने परिवार व मित्रो के साथ माँ जगत जननी के तट पर पहुंचे। संध्या को भक्तों द्वारा किये गये दीपदान से मां नर्मदा का आंचल जगमगा उठा ।मंगलवार को नर्मदा जयंती के पावन पर्व पर नर्मदा घाटो पर भक्तो की भारी भीड़ रही। लोग अपनी आस्था व श्रद्धा के साथ परिजनो व ईष्ट मित्रों के साथ मां नर्मदा के तट पर पहुंचे और पूजन अर्चन किया। भक्त अपनी श्रद्धानुसार यात्रा कर मां के दर पर पहुंचे कोई पैदल तो कोई, सरें भरते हुये दर्शन करने पहुचे जिले के प्रसिद्ध बरमान घाट में भक्तो की काफी भीड़ रही प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे को फोर लाईन की जगह सिंगल लाईन में परिवर्तित करना पड़ा जिससे आवागमन व्यवस्थित रूप से चल सके। वही पैदल चुनरी यात्रा में माँ नर्मदा को अर्पण करने चुनरी लेकर जा रहे भक्तो के लिये अनेको जगह भंडारे का आयोजन भी किया गया। भक्तो की माने तो ब्राम्हांड घाट मां नर्मदा का सबसे प्रसिद्ध घाट है। भक्तो द्वारा चुनरी माँ नर्मदा को चढ़ाई गई एंव दीपदान कर सभी जगत के कल्याण की कामना की गई। बरमान सहित सभी मां नर्मदा के घाटो पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ सुबह से रही एवं देर शाम तक भक्त मां के दर्शन करने पहुंच रहे थे वही स्थानीय लोगो एवं प्रशासन माने तो बरमान घाट पर आज लाखों की संख्या मे श्रद्धालुओं द्वारा आस्था की डुबकी लगाई गई। जिसमें नरसिंहपुर सहित आसपास



के जिले सिवनी, सागर, छिंदवाड़ा, दमोह, रायसेन सहित कई जिलो के लोग अपनी मनोकामनायें लेकर मां जगत जननी पतित पावनी मां नर्मदा के दर पर पहुंचे। भक्तो की भीड़ को देखते हुये प्रशासन द्वारा भी व्यवस्था को बढ़ाया गया और जगह - जगह पर पुलिस लगानी पड़ी साथ नर्मदा के प्रत्येक घाट पर पुलिस की चैकसी बनी रही।

नर्मदा जयंती के पर्व पर संध्या कालीन भक्तों द्वारा लाखों की संख्या में दीपदान किया गया। दीपदान में सर्वाधिक आटे एवं कागज के दीपों का उपयोग किया भक्तों द्वारा किये गये दीपदान के उपरांत माँ रेवा की निर्मल धारा की मनमोहक सुंदरता देखती ही बनती थी। माँ का आंचल दीपों से जगमगाता हुआ नजर आया ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो स्वयं माँ नर्मदा अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए तट पर प्रकट हुई हो। वही प्रशासन द्वारा निरझरणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी गई ।

**मोबाइल सेवा रही अस्त व्यस्त**

मां नर्मदा के प्राकट्य उत्सव पर समूचे नरसिंहपुर जिले में भक्ति के महोत्सव सा माहौल है। हर तरफ नर्मदा के जयकारों, भजन संकीर्तन की गूंज है। जगह जगह से श्रद्धालुओं की टोली चुनरी, ध्वज लेकर नाचते गाते हुए पैदल नर्मदा के घाटों की ओर बढ़ रही है। जिले के प्रमुख तीर्थ क्षेत्र बरमान, सतधारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच गए है और लोगो का आना लगातार जारी है। पैदल यात्रियों की भीड़ से नरसिंहपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बड़े वाहनों की गति कम हो गई है। बरमान खुर्द मेला स्थल जाने वाले तिराहा के दोनो ओर बड़ी संख्या में वाहन जमा है और पुलिस भीड़ नियंत्रण में जुटी है। जिससे हाइवे पर यातायात प्रभावित न हो। बरमान क्षेत्र में लोगों की भीड़ से मोबाइल नेटवर्क ठप हो गया है। हाइवे से लेकर घाटों, धर्मशालाओं, मंदिरों में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए शाम का इंतजार कर रहे हैं ताकि दीपदान कर सकें। नर्मदा के अन्य घाटों पर भी भीड़ है। जिले भर में जगह जगह विभिन्न धार्मिक सामाजिक संगठनों के भंडारे चल रहे है। हलवा, चाय, फलाहार, खिचड़ी का वितरण हो रहा है।

### भक्तों ने अर्पण की माता को चुनरी

भक्तो द्वारा नमार्दा जयंती पर माँ पतित पावनी सलिला माँ रेवा को अर्पित की जाने वाली चुनरी यात्रायें लेकर माता के दर पर पहुंचे भक्तों द्वारा अपनी श्रद्धा भक्ति के अनुरूप माता को भेंट अर्पित की गई जिसमें लिघारी, सूरज गांव, डुडवारा, खुरपा, बचई, देवनगर, करकबेल, बौछार सहित दर्जनों गांवों से चुनरी यात्रायें पहुंची जिसमें हजारों की संख्या में श्राद्धालु मौजूद रहे। भक्तों द्वारा माता रानी को चुनरी भेंट कर अपनी मनोकामनायें रखी। पुराणों के अनुसार आज के दिन मां नर्मदा धरती पर प्रकट हुई थी तभी से नर्मदा जयंती के रूप में उनके प्रकट उत्सव को मनाया जाता है ।



## रासेयो का सात दिवसीय शिविर सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सिवनी बंधा में संचालित था जिसका समापन कार्यक्रम संकुल प्राचार्य एस के बक्शी के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार गुप्ता के द्वारा बताया गया कि इन सात दिवसों में स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गई, प्रतिदिन योग अभ्यास किया गया। परियोजना कार्य के अंतर्गत संस्था परिसर तथा ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया, विभिन्न धार्मिक स्थलों की रंगाई पुताई की। ग्राम में नशामुक्ति रैली निकली गई। प्रति दिवस बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, जल संकट इत्यादि मुद्दों पर स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन प्रदान किया। तथा रात्रि के समय विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। ग्रामीणों द्वारा परियोजना कार्यों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की गई, तथा स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया गया। शिविर में शिक्षक यश गुप्ता तथा भ्रत्य धर्मेश ठाकुर द्वारा विशेष सहयोग किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक जमना प्रसाद काछी, ओंकार गोस्वामी, कृष्ण कुमार ठाकुर, विकास गुप्ता, गेंदालाल काछी, प्रशांत नामदेव, ग्रामीणजनो में दशरथ ठाकुर, अरविन्द ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। अंत में स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शिविर में प्रधान पाठक जमना प्रसाद ठाकुर, संजय गुप्ता, योगेश कतिया, राजेंद्र ठाकुर एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों में शिवम् मेहरा, मोहित विश्वकर्मा आदि का शिविर के दौरान सहयोग प्राप्त हुआ।

## जनसुनवाई में आये 26 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 4 फरवरी को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार एवं अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 26 आवेदन आये।

## आप साधक हैं भक्त हैं या भोगी हैं: स्वामी नित्यानंद गिरी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ग्राम ग्वारी में आयोजित श्री हरि आश्रम में आयोजित दुर्लभ सत्संग के दौरान कथा व्यास स्वामी सदाशिव नित्यानंद गिरी जी महाराज ऋषिकेश हिमालय द्वारा भक्तों को भगवान की कथा का रसपान कराते हुए बताया गया कि मनुष्य को अपने मन क्रम वचन से शुद्ध रहना चाहिए जिससे सिद्ध हो सके कि आप साधक हैं, भक्त हैं या भोगी विषयी हैं अगर आप भक्त हैं तो अपने आचरण से सिद्ध करना चाहिए स आचरण तो आपके व्यसनों से भोगों से स्वार्थ से अहंकार से भरे हुए हैं और पाखंड करते हो भक्त होने का, साधक होने का दूसरों के अधिकार की, गोचर की रास्ते की जमीन कब्जा कर लिया है, और दान का भंडारा करने का नाटक करते हो? आपका स्वभाव क्रोध से, लोभ से, वासना से भरा हुया है और दिखावा करते हो त्याग का हो। अंतिम दिन कथा प्रातः 9 से 12 बजे से हुई, तत्पश्चात भंडारा हुआ फिर संध्या में माँ नर्मदा जयंती उत्सव मनाया गया।

## नर्मदा के प्रकटोत्सव पर्व पर तटों और सड़कों पर उमड़ा आस्था का सैलाव



**जगह जगह से निकाली गई चुनरी यात्रायें**

**तेंदूखेड़ा।** म प्र की जीवन रेखा कलयुग में साक्षात रुप में दर्शन मात्र से ही सभी का कल्याण करने वाली मां नर्मदा के प्रकटोत्सव पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से विशाल चुनरी यात्रायें निकाली गई मां नर्मदा के पावन तटों से लेकर हर गली चौराहे मुख्य सड़क मार्गों पर आस्था का सैलाव देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल चुनरी यात्रा में शामिल होकर साथ साथ चलते मां नर्मदा के जयकारे और भजन गाते नजर आये।इन मार्गों पर जगह जगह सेवा भावी संगठनों लोगों ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को चाय पानी गन्ना रस खिचड़ी पोहा सब्जी पुड़ी नास्ता की व्यवस्था की गई थी। मां नर्मदा के पावन तट ककरा घाट को विद्युत साज सज्जा फूल मालाओं से सजाया गया था। तथा मां रेवा का श्रंगार किया गया। विशाल भंडारों का आयोजन हुआ। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा की बड़ी हरसिद्धि मंदिर परिसर से धर्म सेवा समीति पटवारी मुहल्ला स्थित नर्मदा मंदिर सेवा समीति वार्ड क्रमांक 11 एवं 14 जामुनपानी वार्ड क्रमांक 15 कठोतिया तथा रम्पुरा धूपखेडा पीपरवानी ढिलवार मदनपुर सुन्हेटी खमरिया बरांझ से विशाल चुनरी यात्रायें निकाली गई। जो ककरा घाट पहुंचकर मां नर्मदा का अभिषेक पूजन के साथ चुनरी चढ़ाते हुए पूजन अर्चन किया गया। शाम के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा दीपदान किया गया। सुंदर भजनों नर्मदा गीतों से रसिक श्रोता नाचते झूमते हुए आनंदित नजर आये।समीपी ग्राम इमझिरा ईश्वरपुर से चुनरी यात्रायें निकाली गई जो बारह सिमरिया घाट पहुंचीं। समीपी ग्राम गंगई में स्थित श्री राम मंदिर परिसर में मां नर्मदा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह ग्राम के लोगों के सहयोग से की गई। नर्मदा जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे कन्या भोज का आयोजन किया गये।

## श्री देव मुरलीधर विद्यालय में मनाई गयी मां नर्मदा जयंती



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पर्व पर विद्यालय में मां नर्मदा माँ का पूजन अर्चन कर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें संस्था प्राचार्य शिव शंकर पाठक प्रधान पाठक संदीप वर्मा प्रधान पाठक दीपक कुशवाहा वरिष्ठ शिक्षिका सपना दुबे अजय सराठे अनु जैन सरोज श्रीवास्तव पूनम दानी ज्योति गुप्ता विभा सोनी राखी राजपूत मनोहर विश्वकर्मा सुनील कहार रंजीता दुबे राहुल नामदेव योगिता पटेल प्रमोद अवस्थी शैलेश यादव सुदर्शन उपाध्याय जितेंद्र पगारे सीमा आर्य विनीता पटेल अमित नेमा पुष्पेंद्र गुमास्ता प्रज्ञा गोस्वामी चांदनी जैन रचना पटवा आरती नेमा अंजली सोनी देवेंद्र दुबे आयुषी नेमा ईश्वर पटेल वसुंधरा यादव शिवानी महोबिया वसुंधरा यादव सभी शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे। वसंत पंचमी का सीधा संबंध माता सरस्वती से है। पौराणिक कथा के अनुसार, सृष्टि की रचना के समय भगवान ब्रह्मा ने मनुष्यों की सृष्टि की, लेकिन उन्हें यह देखकर निराशा हुई कि सृष्टि में जीवन तो है, परंतु वह नीरस और मौन है। तब भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छिड़का और एक अद्भुत शक्ति प्रकट हुई। वह शक्ति देवी सरस्वती के रूप में अवतरित हुईं, जो हाथों में वीणा, पुस्तक और माला लिए थीं। देवी सरस्वती ने वीणा के तार छेड़े, जिससे सृष्टि में मधुर ध्वनि और जीवन का संचार हुआ। तभी से देवी सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी माना जाता है और उनकी पूजा के लिए वसंत पंचमी का दिन तय किया गया।

## श्रीनगर में जगन्नाथ भगवान का प्रकट उत्सव मनाया गया



**गोटेगांव**-तहसील के अंतर्गत ग्राम श्रीनगर के भगवान जगन्नाथ जी के प्राचीन मंदिर में अचला सप्तमी पर भगवान जगन्नाथ जी का प्रटोउत्सव मनाया गया जिसमें द्वारका एवं शारदा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज शामिल हुए शंकराचार्य जी ने भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर पहुंचकर भगवान की पूजन की एवं भगवान जगन्नाथ जी को दाल भात का भोग लगाया मंदिर पुजारी बताते हैं कि यह परंपरा ब्रह्मलीन शंकराचार्य जी के द्वारा चलाई जा रही है जो कि आज भी निरंतर हर वर्ष जारी है ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज ने जगन्नाथ जी के मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था उसके बाद निरंतर हर वर्ष अचला सप्तमी पर भगवान को दाल भात का भोग लगाया जाता है एवं भंडारे का भी आयोजन किया जाता है इस भंडारे में क्षेत्र के भक्तजन में शामिल होते है

## अमर शहीद रूद्र प्रताप टूर्नामेंट का शुभारंभ आज




**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मानेगांव में अमर शहीद रुद्रप्रताप टूर्नामेंट के 77 वा सोपान का आज शुभारंभ 3 बजे होगा।जिसमें संभागीय पुरुष कबड्डी,राज्य स्तरीय महिला कबड्डी,वॉलीबॉल बालक कबड्डी महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं एवं चौपड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,सह संरक्षक विधायक महेंद्र नागेश, टूर्नामेंट आयोजन समिति अध्यक्ष ठा.हेमेंद्र सिंह। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अमर शहीद ठाकुर रुद्रप्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया जायेगा फिर खेलों का शुभारंभ होगा शुभारंभ 5 फरवरी एवं समापन 9 फरवरी को होगा। विजेता उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार वितरण किए जाएंगे इस दौरान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद स्व.ठा.रुद्र प्रताप सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी आयोजन समिति के अध्यक्ष ठा.हेमेंद्र सिंह ने कहा इस टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्रीय खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है वहीं नागरिकों से भी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

## नर्मदा जयंती पर भक्तों ने चढ़ाई चुनरी, उमड़ा जन सैलाब



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत नर्मदा घाटों पर लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई में। इसी के तहत 4 फरवरी मंगलवार को नर्मदा जयंती मनाई जा रही है। इस दिन नर्मदा में स्नान और पूजन का खास महत्व माना जाता है। जिसके चलते आज सुबह से ही नर्मदा तट मुआर घा ट , झां सी घा ट , सां क ल घाट,बेलखेड़ी घाट पर भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा है।नर्मदा नदी को मध्यप्रदेश की जीवनदायनी कहा जाता है। इसके साथ ही नर्मदा नदी को विश्व की पवित्र नदियों में भी गिना जाता है जहां गोटेगांव तहसील क्षेत्र में मां नर्मदा की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जगह जगह मां के भक्त द्वारा भंडारे कर रहे है तो हजारों की संख्या में मां के भक्त कई किलोमीटर पैदल चलकर मां नर्मदा के तट चुनरी भेंट करने पहुंच रहे हैं।भक्त मां नर्मदा के तट पर आस्था की डुबकी लगाकर पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। घाटो पर ही नर्मदा भक्तों के द्वारा जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। वहीं धर्म से जुड़े लोगों की आस्था का यह सिलसिला बीती रात से अनवरत चल रहा है। जो आज रात तक चलता रहेगा। वहीं भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने जगह जगह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।